दिन–शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 17 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– चौथे चरण में अस्सी हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की जायेगी।

02. पटना उच्च न्यायालय की मध्यस्थता के बाद राज्य की अदालतों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त की।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आईजीआईएमएस, पटना में बिहार– झारखंड के सबसे बड़े कार्डिएक कैथ लैब का किया उद्‌घाटन।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में पछिमी विक्षोभ के कारण ठंड में वृद्धि। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले दो दिनों तक सुबह के समय छाया रहेगा घना कुहासा।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य की एनडीए सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चौधरी ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षकों के चौथे चरण की नियुक्ति में अस्सी हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के पचहत्तर हजार स्कूलों में सात लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की योजना बनाई गई है।

———————————————————————

वेतन की असमानता को दूर करने और प्रोन्नति की मांग को लेकर राज्य की अदालतों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है। कल से सभी कर्मचारी अपने काम पर वापस लौट आयेंगे। बिहार राज्य सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने बताया कि पटना उच्च न्यायालय की मध्यस्थता के बाद हड़ताल को मार्च के पहले सप्ताह तक स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में बाईप्लेन कार्डिएक कैथ लैब सिस्टम और आपातकालीन विभाग के विस्तारित वार्ड का उद्‌घाटन

किया। इस अवसर पर श्री पांडेय ने कहा कि बिहार और झारखंड के इस सबसे बड़े कैथ लैब से हृदय और मस्तिष्क की जांच में आसानी होगी।

———बाईट———

————————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव एनडीए गठबंधन की लोकप्रियता से घबराएं हुए हैं।

———बाईट———

————————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विपक्ष के पास आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कोई भी मुद्दा नहीं है। आज शिवहर में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास कर रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————————

राज्य के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि बिहार में कांग्रेस पार्टी राजद के भरोसे राजनीति कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कल प्रस्तावित बिहार दौरे पर निशाना साधते हुए श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का बिहार में अपना कोई जनाधार नहीं है।

———बाईट———

————————————————————————————————

जदयू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल राजद में शामिल हो गए है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि वह अपने पुराने घर लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि जदयू में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि श्री मंडल के आने से पार्टी मजबूत होगी।

————————————————————————

निगरानी विभाग ने बिहार पुल निर्माण निगम के प्रोजेक्ट इंजीनियर जंग बहादुर सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी में करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति जब्त की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में न्यायालय से सर्च वारंट मिलने के बाद यह छापेमारी की गई। विभाग ने जंग बहादुर सिंह के पटना स्थित पुनाईचक और वेद नगर मोहल्ला, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड स्थित कार्यालय और बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुधानी गांव में छापेमारी की।

————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों का सम्मेलन बीस और इक्कीस जनवरी को पटना में आयोजित होगाा। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति भाग लेंगे। इससे पूर्व उन्नीस जनवरी को पटना में देश के सभी विधानमंडलों के सचिवों की बैठक आयोजित की जाएगी। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने सम्मेलन की तैयारियों का मुआयना करने के बाद कहा कि अधिकारियों सहित अन्य अतिथि विकसित होते बिहार की झलक भी देख सकेंगे।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में दो हजार चौबीस के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चौंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

———बाईट———

यह पुरस्कार पिछले चार वर्ष में खिलाडियों के शानदार और सर्वाधिक असाधारण खेल प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। पैरा निशानेबाज कोच सुभाष राणा, निशानेबाज कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमान्डो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया। एथलीट ज्योति यरराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, पैरा तीरंदाज राकेश कुमार सहित 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एथलीट सुच्चा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत पेटकर को लाइफ टाइम अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में समग्र रूप से शीर्ष प्रदर्शन करने के लिए चण्डीगढ विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी प्रदान की गई। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जया भारती।

———————————————————————————

अब खबरें महाकुंभ से——

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में सौ बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है।

———बाईट———

महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ–साथ सरकार ने चिकित्सा सुविधाओं को भी उच्च प्राथमिकता दी है। केंद्रीय अस्पताल के अलावा, संक्रामक रोगों के प्रबंधन के लिए मेला क्षेत्र में दो समर्पित अस्पताल भी स्थापित किए गए हैं, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित की जा सके। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में केन्द्रीय अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि अस्पताल में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग–अलग वार्ड हैं साथ ही आईसीयू और आपातकालीन सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। ये सौ बेड का केन्द्रीय चिकित्सालय है, इसमें 45 बेड पुरुषों के लिए, 40 बेड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, पांच बेड का हमारा पिडियाट्रिक वॉर्ड है बच्चों के लिए, दस बेड का आईसीयू है। लेबर रूम, माइनर और मेजर ओटी की फैसिलिटी है हमारे पास। इसके अलावा हमारे पा डिफ्रेंट कैटिगीरी के स्पेशलिस्ट हैं और इसमें पीडियाट्रिशन है, गायनोक्लॉजिस्ट हैं, ऑर्थोपेडिशन्स हैं, अच्छे फिजिशियन्स हैं। मेला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 20–20 बेड की क्षमता वाले आठ छोटे अस्पताल भी संचालित हैं। अस्पतालों में दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

———————————————————————————

बिहार पुलिस ने प्रयागराज महाकुंभ में होटल और परिवहन समेत अन्य सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी के प्रति लोगों को सचेत किया है। इस तरह की शिकायतें मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय ने परामर्श जारी करते हुए लोगों को ऑनलाइन बुकिंग के समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। परामर्श में कहा गया है कि गूगल सर्च से मिले किसी वेबसाईट, टोल फ्री नम्बर या अन्य किसी नम्बर पर भरोसा न करें। कुंभ मेले की आधिकारिक जानकारी कुंभ डॉट जीओवी डॉट

इन पर प्राप्त की जा सकती है। साइबर अपराधों की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नम्बर–एक नौ तीन शून्य पर संपर्क कर सकते हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उन्नीस जनवरी को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम के लिए लोग अपने सुझाव टॉल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर आज रात तक भेज सकते हैं। छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस आयोजन के कारण मन की बात कार्यक्रम इस बार एक सप्ताह पहले निर्धारित किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से लोगों को कनकनी का अहसास हो रहा है। आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि उन्नीस जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने आज पटना जंक्शन के पास स्थित चौबीस घंटे सेवाएं देने वाले नवीनीकृत स्पीड पोस्ट काउंटर का उदघाटन किया। श्री कुमार ने बताया कि इस काउंटर पर तेज गति से पार्सल और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भेजने की सुविधा होगी। इसके अलावा डिजिटल भुगतान की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

———बाइट———

श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि डाक सेवाएं त्वरित गति से लोगों को उपलब्ध कराने के लिए विभाग कृत्रिम बुद्धिमता टेक्नोलॉजी, एआई के इस्तेमाल पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक के इस्तेमाल से डाक सेवा, आधार सेवा और पासपोर्ट सेवा की डिलीवरी सिस्टम मजबूत हो सकेगी।

———बाईट———

————————————————————————

सियालदह मंडल अंतर्गत रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के मद्देनजर कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया गया है। कोलकाता–पटना गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन इक्कीस से छब्बीस जनवरी तक रद्द रहेगा। वहीं, कोलकाता–दरभंगा एक्सप्रेस बाईस से छब्बीस जनवरी तक रद्द कर दी गई है। जबकि आरा–पटना स्पेशल भी बाईस से छब्बीस जनवरी तक रद्द रहेगी।

————————————————————————

01. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– चौथे चरण में अस्सी हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की जायेगी।

02. पटना उच्च न्यायालय की मध्यस्थता के बाद राज्य की अदालतों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त की।

03. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आईजीआईएमएस, पटना में बिहार– झारखंड के सबसे बड़े कार्डिएक कैथ लैब का किया उद्घाटन।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में पछिमी विक्षोभ के कारण ठंड में वृद्धि। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले दो दिनों तक सुबह के समय छाया रहेगा घना कुहासा।

————————————————————————

समाप्त